शिमला में 'चांद छुपा बादल में' की शूटिंग

शिमला। स्टार प्लस पर जल्द प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'चांद छुपा बादल में' के कुछ दृश्य शुक्रवार को राजधानी शिमला में एक होटल में फिल्माए गए। निर्माता राजन शाही और निर्देशक नीरज बलियान के निर्देशन में बन रहे इस सीरियल में मुख्य भूमिका रश्मि निभा रही हैं। रश्मि का यह पहला ब्रेक है।

निर्देशक नीरज बलियान ने बताया कि सीरियल की कहानी कालेज के कुछ छात्रों के इर्द गिर्द घूमती हैं। स्थानीय युवक दीपक भागडा और रोहित खाची ने समन्वयक प्रोडक्शन क्रू का सहयोग कर रहे हैं। शहर के विभिन्न थियेटर ग्रुपों से जुड़ी महिला कलाकारों को भी इस सीरियल में सह अभिनेत्रियों के तौर पर ब्रेक मिला है।

दिव्या और ऋतु सीरियल में मुख्य अभिनेत्री की सहेलियों की भूमिका निभा रही हैं। अन्य कुछ भूमिकाओं में डेजी, नैंसी, रेखा और प्रिया को भी अवसर मिला है। 'चांद छुपा बादल में' की शूटिंग शिमला में अभी दो दिन चलेगी।

अमर उजाला

शिमला में शुक्रवार को स्टार प्लस पर जंल्द प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'चांद छुपा बादल में' की शूटिंग के दौरान शाट देते कलाकार।